AHMAD RAFAH का वक्तव्य

सदस्य, Santa Clara City Council के लिए उम्मीदवार, **सीट 7**

व्यवसाय: शिक्षाविशारद/नीति सलाहकर

आयु: 27

शिक्षा एवं योग्यता:

अफ़ग़ानिस्तान से भागने के दौरान शरणार्थी कैंप में पैदा हुए अहमद गरीबी में पले-बढ़े पर अपने समुदाय की मदद से उन्होनें अपने अमेरिकी सपने को सच कर दिखाया। उनका अपना अनुभव उन्हें लोक सेवा की ओर ले गया और अपने देश के प्रति कृतार्थ होने के चलते वे संघर्षशील समुदायों के छात्रों के लिए विज्ञान के अध्यापक, कामकाजी परिवारों के लिए योद्धा, सभी के लिए वहनीय स्वास्थ्यसेवा और देशव्यापी नीतियों में बदलाव के लिए कांग्रेसी सलाहकार बन गए।

काँग्रेस के माइक होंडा के अनुसार, "अहमद सैंटा क्लारा के सबसे अहम मुद्दों ऊर्जा, पर्यावरण, आवास, व्यवसाय और तकनीक पर मेरे सलाहकार रहे हैं। नीति में उनकी शानदार पृष्ठभूमि और काम को कुशलतापूर्वक अंजाम देने की उनकी खूबी ऐसी चीज़ है जिसकी सैंटा क्लारा के अगले नेता में ज़रूरत है।"

अहमद ने सैंटा क्लारा के वरिष्ठों, सेवानिवृत्त सैनिकों और छोटे व्यवसायिकों की रोज़मर्रा की समस्याओं का आईआरएस, सामाजिक सुरक्षा और प्रवसन से हल करने में मदद की, सैंटा क्लारा के बच्चों को गणित और विज्ञान पढ़ाते हैं, सैंटा क्लारा के कर्मियों के लिए न्यूनतम वेतन में बढ़ोतरी के लिए लड़े, स्थानीय/राज्य/संघीय एजेंसियों, हाइ-टेक सीईओ, सैंटा क्लारा यूनिवर्सिटी, मिशन कॉलेज और वहनीय अग्रीहूड आवासीय आंदोलन की दिलचस्प साझेदारी कराई। अहमद सैंटा क्लारा के रोटरी क्लब के सदस्य भी हैं और सैंटा क्लारा चार्टर रिव्यू कमेटी के सदस्य भी थे।

अहमद सैंटा क्लारा के लोगों को आगे रख रहे हैं। और अधिक जानकारी के लिए www.AhmadRafah.com पर जाएँ।